| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition? | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment. |
|---|---|
| (13) | (14) |
| Group 'C' Departmental Promotion Committee for considering confirmation:<br>(i) Deputy Secretary/Director in charge of Administration, Department of Land Resources - **Chairman**<br>(ii) Under secretary in-charge of Administration Department of Land Resources - **Member**<br>(iii) Under Secretary in-charge of Administration Department of Rural Development or any other Department. - **Member** | Not applicable. |

[No. A-12018/2/2016-Admn.]

RAJESH KUMAR, Under Secy.

---

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर, 2015

**सा.का.नि. 242.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली, भर्ती नियम, 1995 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, में मैकेनिक मिस्त्री के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, मैकेनिक मिस्त्री (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2015 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. पद संख्या, वर्गीकरण, वेतन बैंड, ग्रेड वेतन या वेतनमान** – पद संख्या, उसका वर्गीकरण, वेतन बैंड, ग्रेड वेतन या वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि** – उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हता और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता** : वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है ; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है।

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति** : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

**6. व्यावृत्ति** : इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय –समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

## अनुसूची

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन बैंड, ग्रेड वेतन या वेतनमान | चयन अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| मैकेनिक मिस्त्री | 01 * (2015) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ग' (अराजपत्रित) अननुसचिवीय | वेतन बैंड-1; 5200-20200 रू. + ग्रेड वेतन 1900 रू. | अचयन | 18 से 25 वर्ष के बीच ।<br>(केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार विभागीय अभ्यर्थियों के लिए शिथिल करके चालीस वर्ष तक की जा सकती है)<br>टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम , जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो। |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| आवश्यक अर्हताएं :<br>(क) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य ।<br>(ख) किसी मान्यताप्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से यांत्रिक इंजिनियरी में डिप्लोमा या प्रमाणपत्र या समतुल्य \|<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से यांत्रिक प्रौद्योगिकी के व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रमाणपत्र या समतुल्य सहित उस सुसंगत क्षेत्र में मैकेनिक मिस्त्री कर्मशाला का एक वर्ष का अनुभव ।<br>**टिप्पण 1-** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं ।<br>**टिप्पण 2-** अनुभव संबधी अर्हता कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनूसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम | आयु : नहीं<br>अर्हता : हां | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष । |

| | | |
|---|---|---|
| प्राधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है। | | |

| भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा। |
|---|---|
| (10) | (11) |
| प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा। | प्रोन्नति : वेतन बैंड -1; 5200- 20200 रू. + ग्रेड वेतन 1800 रू. में ऐसे बहुकार्य कर्मचारिवृंद या समतुल्य जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|
| (12) | (13) |
| 1.समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-<br><br>1. अपर चिकित्सा अधीक्षक, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज – अध्यक्ष<br>2. संबद्ध प्रशासन का विभागाध्यक्ष, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज – सदस्य<br>3. उपनिदेशक प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा खण्ड का भारसाधक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, – सदस्य<br><br>2. समूह 'ग' विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-<br>1. अपर चिकित्सा अधीक्षक, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज – अध्यक्ष<br>2. संबद्ध प्रशासन का विभागाध्यक्ष, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज – सदस्य<br>3. उपनिदेशक प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा खण्ड का भारसाधक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय – सदस्य | लागू नहीं होता। |

[फा. सं. ए.-11018/18/2014-एम.एच-II]

संजय पंत, अवर सचिव

**MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE**

New Delhi, the 22nd December, 2015

**G.S.R. 242.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Lady Hardinge Medical College & Smt. S. K. Hospital, New Delhi, Rules, 1995, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Mechanic Mistry in the Lady Hardinge Medical College and Smt. S. K. Hospital, under the Ministry of Health and Family Welfare, namely:

1. **Short title and commencement**.—(1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Lady Hardinge Medical College & Smt S K Hospital Mechanic Mistry (Group 'C' post) Recruitment Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification, pay band, grade pay or pay scale.—**The number of the post, its classification, the pay band, grade pay or pay scale attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3**. Method of recruitment, age limit, qualifications, etc.—**The method of recruitment age limit, qualification and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

4**. Disqualification.** – No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living ; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the other backward classes, the Ex-servicemen and other special categories of person in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of the post | Number of post | Classification | Pay band and grade pay or pay scale. | Whether selection post or non-selection post |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| Mechanic Mistry | 1* (2015)<br>Subject to variation dependent on workload | General Central Service, Group 'C' Non Gazetted,<br>Non-Ministerial | Pay band-1, Rs. 5200-20200 with grade pay of Rs. 1900 | Non-selection |

| Age limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits |
|---|---|
| (6) | (7) |
| Between 18 and 25 years.<br>(Relaxable for departmental candidates up to forty years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government)<br>**Note :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands and Lakshdweep. | Essential Qualification:<br>(i)(a). 12$^{th}$ Class pass or equivalent from a recognised Board or University.<br>(b)diploma or certificate in Mechanical Engineering from a recognised Industrial Training Institute or equivalent; or<br>Certificate of Vocational Course of Mechanical Technology from a recognised Board or equivalent with one year experience in Mechanic Mistry workshop in the relevant field.<br>Note 1: The qualifications are relaxable at the discretion of the Staff Selection Commission or Competent Authority for reasons to be recorded in writing in case of candidates otherwise well qualified.<br>Note 2: The qualifications regarding experience is relaxable at the discretion of the Staff Selection Commission or Competent Authority for reasons to be recorded in writing, in case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, if at any stage of selection the Staff Selection Commission /Competent Authority is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the posts reserved for them. |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotes | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods |
|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) |
| Age : No.<br>Qualification : Yes | Two years for direct recruits | By promotion failing which by direct recruitment |

| In case of recruitment by promotion or deputation or absorption grade from which promotion or deputation or absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition. | Circumstances in which Union Public Services Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| Promotion: Multi Tasking Staff or equivalent post in the pay band-1, Rs. 5200-20200 with grade pay of Rs. 1800 with three years regular service in the grade. | 1.Group 'C' Department Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:<br>(1)Additional Medical Superintendent, Lady Hardinge Medical College. Chairman<br>(2)Head of the Department concerned with Administration Member<br>(3)Deputy Director Administration, incharge of Medical Education Division, Directorate General of Health Services Member<br>2.Group 'C' Department Confirmation Committee (for considering confir-mation) consisting of:-<br>(1) Additional Medical Superintendent, Lady Hardinge Medical College. Chairman<br>(2) Head of the Department concerned with Administration Member<br>(3) Deputy Director Administration, Incharge of Medical Education Division, Directorate General of Health Services Member | Not applicable. |

[F. No. A.-11018/18/2014-MH: II]

SANJAY PANT, Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.